RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

66 वां वर्ष

दण्डकारण्य समाचार

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, गुरूवार 28 मार्च 2024 ■ वर्ष 66 ■ अंक 67 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

शराब नीति विवादः हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस, केजरीवाल को नहीं मिली राहत

नयी दिल्ली, 27 मार्च (ए) दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन एक मामले में गिरफ्तारी और केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को नोटिस जारी किया।अदालत ने श्री केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एक पीठ ने श्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो अप्रैल तक अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश

दिया। उच्च न्यायालय इस मामले में अगली सुनवाई तीन अप्रैल को करेगा।श्री सिंघवी ने उच्च न्यायालय के समक्ष दलील देते हुए कहा कि श्री केजरीवाल की इस मामले में गिरफ्तारी उन आरोपियों के बयानों पर आधारित है, जो बाद में सरकारी गवाह बन गए। ऐसे अविश्वसनीय सरकारी गवाह के अलावा उनके (केजरीवाल) खिलाफ कोई अन्य सबूत नहीं है।

श्री राजू ने एकल पीठ के समक्ष दलील देते हुए ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई थी।

मुख्यमंत्री को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने श्री केजरीवाल को छह दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था, जो 28 मार्च को समाप्त होने वाला है।

विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने श्री केजरीवाल को कथित शराब नीति 2021-2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य साजिशकर्ता और सरगना होने का आरोप लगाया था। तब मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने ईडी के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी।

श्री सिंघवी ने केंद्र सरकार पर ईडी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा था, ÷आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को आम चुनाव 2024 से पहले गिरफ्तार किया गया है। क्यों? कोई गलत काम दिखाने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। यह पूरी तरह से ईडी की प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

दिलीप घोष,श्रीनेत को आयोग का नोटिस

◆ ममता, रणौत पर अभद्र टिप्पणी का मामला

नयी दिल्ली, 26 मार्च (ए) चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष एवं सांसद और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को क्रमशः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री तथा मंडी निर्वाचन क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश) से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रणौत के विरुद्ध उनकी विवादास्पद टिप्पणियों के लिये कारण बताओ नोटिस भेजे हैं।इन दोनों नेताओं की हाल की टिप्पणियों के खिलाफ आयोग को शिकायतें मिली हैं और उन पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

आयोग ने श्री घोष और सुश्री श्रीनेत को 29 मार्च शाम पांच बजे तक नोटिस का जवाब देने का समय दिया है। सुश्री बनर्जी के खिलाफ भाजपा नेता घोष द्वारा की कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने 26 मार्च को आयोग में शिकायत दर्ज करायी।शिकायत में श्री घोष की उस टिप्पणी का उल्लेख किया गया है, जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा था, जब दीदी गोवा जाती है तो वह गोवा की बेटी बन जाती है, त्रिपुरा में वह कहती है कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपका पिता कौन है, यह सही नहीं है। कांग्रेस की नेता श्रीनेत ने भाजपा उम्मीदवार रणौत के संबंध में एक सोशल मीडिया पर रणौत की फोटो के साथ पोस्ट की गयी एक अभद्र पोस्ट के संबंध में नोटिस दिया है। यह नोटिस भाजपा की शिकायत पर दी गयी है। आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया चुनावों के संबंध में आदर्श संहिता और आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को टिप्पणियों में शालीनता बरतने के संबंध में पहली मार्च को जारी अपने परामर्श के विरुद्ध देखा है।श्रीनेत कांग्रेस की सोशल मीडिया समिति की प्रमुख है।

लोस चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी होगी

नयी दिल्ली 27 मार्च (ए) लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल यानी गुरूवार को जारी की जायेगी।

इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा।निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी।दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा।

पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र पेश किया

नयी दिल्ली 27 मार्च (ए) पांच देशों फिलीपींस, उज्बेकिस्तान, बेलारूस, केन्या और जॉर्जिया के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र पेश किये।राष्ट्रपति ने एक समारोह में इन राजदूतों तथा उच्चायुक्तों के परिचय पत्र स्वीकार किये।परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में फिलीपींस के राजदूत जोसेल फ्रांसिस्को इग्नासियो, उज्बेकिस्तान के राजदूत सरडोर रुस्तम्बायेव, बेलारूस के राजदूत मिखाइल कास्को, केन्या के उच्चायुक्त पीटर मैना मुनिरी और जॉर्जिया के राजदूत वख्तांग जोशविली शामिल हैं।

वाहन चेकिंग में लाखों का चांदी पकड़ाई

रायपुर, 27 मार्च । वाहन चेकिंग के दौरान लाखों रूपये की चांदी की सिल्ली जब्त की गई है। मामले का खुलासा करते पुलिस ने बताया कि थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेक करने पर कार में चांदी की सिल्ली रखा होना पाया गया। कार में सवार व्यक्ति से चांदी की सिल्ली के संबंध में पूछताछ करने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा चांदी की सिल्ली के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

अमेरिकी विदेश विभाग के बयान पर भारत ने जतायी कड़ी नाराजगी

नयी दिल्ली 27 मार्च (ए) भारत ने दिल्ली में आबकारी घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के बयान पर आज कड़ी आपत्ति व्यक्ति की और कहा कि स्वतंत्र न्याय प्रक्रियाओं वाले मित्र लोकतांत्रिक देशों के आंतरिक मामलों में दखलंदाज़ी अनुचित एवं हानिकारक है।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब करके औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज करायी। बाद में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में जारी करके कहा, हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाहियों के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं। कूटनीति में, देशों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। मित्र लोकतंत्रों के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक है। अन्यथा यह 'अस्वास्थ्यकर' मिसाल कायम कर सकता है।

विदेश मंत्रालय ने दो टूक शब्दों में कहा, भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं जो उद्देश्यपूर्ण और समय पर परिणामों के लिए प्रतिबद्ध है। उस पर आक्षेप लगाना अनुचित है।

बीजेपी ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

देहरादून ,27 मार्च (ए)। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले 5 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए बीजेपी ने बुधवार को अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई है।उत्तराखंड बीजेपी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए प्रांतीय कमेटी के प्रस्ताव पर हाई कमान ने राज्य में 40 स्टार प्रचारकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है।पीएम मोदी और जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्थान का भी नाम सूची में है। इसके अलावा यहां प्रचार करने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी भी आएंगे।

लोकायुक्त टीम ने एक साथ 58 जगहों पर मारा छापा

बेंगलुरु ,27 मार्च (ए)। लोकायुक्त टीम ने कर्नाटक में आय से अधिक संपत्ति मामले में बुधवार को सरकारी अधिकारियों के खिलाफ राज्य भर में 58 जगहों पर एक साथ छापेमारी अभियान चलाया।

सूत्रों के मुताबिक, 13 एसपी, 12 डिप्टी एसपी और 25 पुलिस इंस्पेक्टर समेत 130 से ज्यादा अधिकारियों की टीम छापेमारी में शामिल है। यह छापेमारी बेंगलुरु, बीदर, रामनगर, उत्तर कन्नड़ और कलबुर्गी जिलों में हो रही है।अधिकारियों ने बेंगलुरु में बीबीएमपी के मुख्य अभियंता के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर भी पांच जगह छापेमारी की। कलबुर्गी में जल संसाधन विभाग से जुड़े एक कार्यकारी अभियंता के आवास और संपत्तियों के साथ-साथ बीदर में तीन स्थानों पर भी छापेमारी की जा रही है।रामनगर जिले में एक पंचायत विकास अधिकारी (पीडीओ) के आवास पर भी छापा मारा गया। यह छापेमारी अधिकारियों द्वारा आय से अधिक संपत्ति जमा करने के बारे में मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है। इस मामले में लोकायुक्त ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

अत्याधुनिक सुरक्षित संचार के लिए सी-डॉट के साथ तालमेल महत्वपूर्णः वायु सेना प्रमुख

नयी दिल्ली 27 मार्च (ए) वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने आधुनिक युद्ध में नेटवर्क केंद्रित से डेटा केंद्रित तक बदलते परिदृश्य के मद्देनजर प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी - डॉट से उन्नत और अत्याधुनिक सुरक्षित संचार समाधानों के लिए वायु सेना के साथ बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया है।

वायु सेना प्रमुख ने मंगलवार को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स सी-डॉट का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। सी-डॉट रक्षा संचार और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए स्वदेशी, सुरक्षित दूरसंचार समाधान

विकसित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

सी-डॉट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने वायु सेना प्रमुख को वायु सेना की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार अत्याधुनिक सुरक्षा समाधान विकसित करने के लिए सी-डॉट की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

न्यायमूर्ति रितु राज ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली

नयी दिल्ली 27 मार्च (ए) न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को यहां लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई।आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यहां भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली।नई नियुक्तियाँ दो मौजूदा न्यायिक सदस्यों न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती तथा न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी और तीन सदस्यों डी.के. जैन, अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह का 26 मार्च को लोकपाल में कार्यकाल पूरा होने के बाद की गयी हैं।

बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामला : एनआईए ने कर्नाटक में कई ठिकानों पर की छापेमारी

बेंगलुरू ,27 मार्च (ए)। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने बुधवार को बेंगलुरु और शिवमोगा जिले में छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने बेंगलुरु के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली शहर में भी छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर की गई, जिसका हमलावर से सीधा संपर्क था। आरोप है कि उसी ने ही हमलावर को इस वारदात को अंजाम देने के लिए आर्थिक मदद भी मुहैया कराई थी। हालांकि, एनआईए की कार्रवाई के संदर्भ में और जानकारी का इंतजार है।इससे पहले मंगलवार को एनआईए ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो संदिग्ध लोगों का हमलावर से सीधा संपर्क था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने इस छापेमारी को एक संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर अंजाम दिया है।

डरावना है देश में बेरोजगारी का आंकड़ा : खडगे-प्रियंका

नयी दिल्ली, 27 मार्च (ए) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी के ताजा आंकड़े को डरावना करार देते हुए बुधवार को कहा कि देश का युवा मोदी सरकार की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहा है।श्री खडगे ने कहा, हमारे युवा मोदी सरकार की दयनीय उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। आईएलओ और आईएचडी रिपोर्ट निर्णायक रूप से कहती है कि

भारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर है और हम बेरोज़गारी के टिक टिक बम पर बैठे हैं। लेकिन सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार यह कहकर प्रिय नेता का बचाव करते हैं कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती।

मौजूदा स्थिति और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे सेना के शीर्ष कमांडर

नयी दिल्ली 27 मार्च (ए) सेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन इस बार हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा जिसमें मौजूदा स्थिति तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से विचार विमर्श किया जायेगा।

सम्मेलन के पहले दिन कमांडर वर्चुअल माध्यम से इसमें शामिल होंगे जबकि एक और दो अप्रैल को कमांडर इसमें भौतिक रूप से शामिल होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शीर्ष कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन , समीक्षा और सुरक्षा की समग्र स्थिति का आकलन करने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन भविष्य का रुख तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों को सुगम बनाने वाली प्रमुख प्राथमिकताओं को भी निर्धारित करेगा।सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे करेंगे। पहले दिन सेना के कमांडर अपनी-अपनी कमान के मुख्यालय से आभासी रूप से भाग लेंगे।

आज का इतिहास

1972: तत्कालीन सोवियत रूस ने परमाणु परीक्षण किया।

1998: अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने संसद में 261 के मुकाबले 274 वोट से विश्वास मत हासिल किया।

1999 : विनस विलियम्स ने बहन सेरेने को हराकर लिप्टन कप जीता। 115 साल में यह पहला मौका आया।

2000: वेस्टइंडीज़ के कोर्टनी वॉल्श ने टेस्ट क्रिकेट में 435 विकेट लेकर कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा।

बहुत खूब

40 करोड़ में बिकी ये गाय, भारत से गहरा नाता, खूबियां जानकर रह जाएंगे दंग

नई दिल्ली 27 मार्च (ए)अगर आपसे कोई पूछे कि सबसे महंगी गाय कितने की होगी। तो शायद आप कहेंगे कि 5 लाख या 10 लाख, लेकिन आप जानकर हैरान होंगे कि एक गाय 40 करोड़ रुपये में बिकी है. जी हां, 40 करोड़ रुपये. इतना ही नहीं, भारत से इसका

गहरा नाता है। खूबियां जानकर आप भी दंग रह जांएगे. पशुओं की नीलामी की दुनिया में यह एक नया रिकार्ड है।यह गाय आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की है. इसे वियाटिना-19 एफआईवी मारा इमोविस के नाम से जाना जाता है. ब्राजील में एक नीलामी के दौरान इस गाय की 4.8 मिलियन अमरीकी डॉलर की कीमत लगी, जो भारतीय रुपये के हिसाब से देखें तो 40 करोड़ रुपये के बराबर है. इसके साथ ही यह दुनिया में सबसे महंगी कीमत पर बेची जाने वाली गाय बन गई है. पशुओं की नीलामी के इतिहास में यह बिक्री एक मील का पत्थर बन गई है। मकीले सफेद फर और कंधों के ऊपर विशिष्ट बल्बनुमा कूबड़ वाली यह गाय भारत की मूल निवासी है।आप जानकर हैरान होंगे किइस गाय का नाम नेल्लोर जिले के नाम पर रखा गया है। ब्राजील में इस नस्ल की खूब डिमांड है। इस नस्ल को वैज्ञानिक रूप से बोस इंडिकस के नाम से जाना जाता है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है. खास बात, यह पर्यावरण के हिसाब से खुद को ढाल लेती है। यह प्रजाति 1868 में जहाज से पहली बार ब्राजील भेजी गई थी। 1960 के दशक में कई और गायों को यहां ले जाया गया।

कोलकाता हवाईअड्डे पर बड़ा हादसा टला, आपस में टकराए इंडिगो और एयर इंडिया के विमान

नई दिल्ली ,27 मार्च (ए)। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के रनवे पर बुधवार को इंडिगो का एक विमान एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से टकराने से बाल-बाल बच गया। हादसे के अंदेशे से विमान में सवार 169 यात्रियों की रूह कांप गई। खबरों के मुताबिक, सुबह करीब 10.30 बजे इंडिगो का विमान रनवे पर प्रवेश करने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रहा था, तभी उसने गलती से एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के विंगटिप को छू लिया।टक्कर की आशंका ने लोगों में चिंता पैदा कर दी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को मामले की व्यापक जांच शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने कहा, कोलकाता हवाईअड्डे पर इंडिगो के एक विमान और एक अन्य वाहक के बीच मामूली टक्कर की सूचना मिली। विमान प्रोटोकॉल के अनुसार निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई के लिए खाड़ी में लौट आया। नतीजतन, कोलकाता और दरभंगा के बीच इंडिगो विमान 6ई 6152 की उड़ान में देरी हुई।प्रवक्ता ने कहा, सभी यात्रियों को जलपान उपलब्ध कराया गया और यात्रियों को देरी और असुविधा होने पर वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई।

सीपीआर प्रमुख यामिनी अय्यर का इस्तीफा, डॉ श्रीनिवास चोक्काकुला होगे नए सीईओ

नयी दिल्ली, 27 मार्च (ए) नीति विषयक शोध एवं अध्ययन करने वाले प्रतिष्ठित संस्थान सेंटर फॉर पालिसी रिसर्च (सीपीआर) की अध्यक्षा एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी यामिनी अय्यर ने त्यागपत्र दे दिया है।

संस्थान की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सुश्री अय्यर 31 मार्च, 2024 को को अपना वर्तमान कार्यभार छोड़ देंगी। विज्ञप्ति के अनुसार वह अब अपना अधिक समय अनुसंधान के क्षेत्र में लगाना चाहती है।

सुश्री अय्यर की जगह सीपीआर के निदेशक मंडल ने संस्थान में कार्यरत वरिष्ठ अध्येता डॉ श्रीनिवास चोक्काकुला को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की है।

डॉ चोक्काकुला जल नीति के विशेषज्ञ माने जाते हैं। वह सीपीआर में 2010 से कार्यरत है। वह पहली अपैल से कार्यभार संभालेंगे।

भाजपा ने नवनीत राणा को अमरावती और गोविंद करजोल को चित्रदुर्ग सीट से दिया टिकट

नयी दिल्ली, 27 मार्च (ए) महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा अब इसी सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे।

भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किये।पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत नामों के अनुसार श्रीमती राणा महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से उम्मीदवार होंगी जबकि कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है।पार्टी ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किये जबकि हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

लॉग ऑन करें : दण्डकारण्य समाचार इंटरनेट संस्करण http://www.dandakaranyasamachar.com Go